# IIT-ISM और डसॉल्ट ने खनन और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के लिये MoU पर हस्ताक्षर किये

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में डसॉल्ट सिस्टम्स (यूरोनेक्स्ट पेरिस) ने भारत में एक विश्व-स्तरीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिये IIT(ISM) धनबाद के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब 'टेक्समिन' (टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग) फाउंडेशन के साथ भागीदारी की है जो खनन और संबद्ध उद्योगों के लिये विशिष्ट प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करेगा और भविष्य के लिये कार्यबल तैयार करेगा।

## प्रमुख बिंदु

- एक प्रौद्योगिकी और समाधान भागीदार के रूप में, डसॉल्ट सिस्टम्स अपने 3DEXPERIENCE प्लेटफॉर्म के माध्यम से औद्योगिक और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिये भूवैज्ञानिक मॉडलिंग और खदान इंजीनियरिंग से लेकर कार्यबल और उत्पादन शेड्यूलिंग, आपूर्ति शृंखला अनुकूलन, पोर्टफोलियो अनुकूलन और संयंत्र डिज़ाइन तक पूर्ण पिट-टू-पोर्ट अनुकूलन के साथ अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करेगा।
- यह साझेदारी छात्रों और पेशेवरों को सीखने के अनूठे अवसरों के साथ सशक्त बनाएगी और उन्हें इस तेज गति वाले उद्योग के लिये तैयार करेगी।
- कोर्स और कार्यक्रम 3DEXPERIENCE® प्लेटफॉर्म पर आभासी दुनिया को मिलाकर तैयार किए जाएंगे जो पूर्ण डिजिटल परिवर्तन की क्षमताओं को खोलने व स्थायी खनन और धातुओं की नई वास्तविकता का अनुभव अनुभव करने के लिये एक स्रोत प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/iit-ism-and-dassault-sign-mou-for-cooperation-in-mining-and-allied-sectors